No.of Printed Pages/Questions: 7 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Exam - (2023– 2024 )**

**Class : VI** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3Hrs.**

Name: ________________________ class/Section__________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question paper***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं–'अ' और 'ब'।

(2) दोनों खण्ड अनिवार्य है।

(3) निर्धारित समय–सीमा 3.00+15 घंटे हैं।

---

**(खण्ड'अ')**

**प्र01 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5= 5)**

जब लोग त्रस्त हों, पराजित हों या शोकग्रस्त हों तभी उन्हें हमारी सहानुभूति, सहायता या प्रोत्साहन की ज़रूरत होती है। उस समय उनका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। उस समय उनकी खिल्ली उड़ाने का या उनकी परेशानी का मज़ा लूटने का मोह हमें रोकना चाहिए और उन्हें सहारा देना चाहिए, उनकी हिम्मत बढ़ानी चाहिए। जो ऐसा करते हैं वे उनके हदय में हमेशा के लिए अपना स्थान बना लेते हैं, अपनी लोकप्रियता की परिधि विस्तृत करते हैं।

**i लोगों को हमारी मदद या सहानुभूति की आवश्यकता कब होती है ?**

अ जब वे कोई काम करना चाहते हैं ब जब वे लोकप्रिय होते हैं

स जब वे असहाय होते हैं द जब वे डरे हुए,दुःखी और हारे हुए होते हैं

**ii ऐसे में उन्हें हमारी सहायता की ज़रूरत क्यों होती है ?**

अ वे दुःखी होते हैं ब उन्हें अपनी भविष्य की चिंता होती है

स उन्हें अपनी इज्ज़त की चिंता होती है द उनका आत्मविश्वास डगमगा रहा होता है

**iii हम उनकी सहायता कैसे कर सकते है ?**

अ उनकी हिम्मत बढ़ाकर ब उनकी खिल्ली उड़ाकर

स उन्हें अपने ह्रदय से लगाकर द उन्हें लोकप्रिय बनाकर

**iv 'हिम्मत' का शब्दार्थ नही है ।**

अ साहस ब वीरता

स बहादुरी द कायरता

**v खिल्ली उड़ाना का अर्थ है ।**

अ मजाक उड़ाना ब प्रशंसा करना

स चापलूसी करना द इनमें से कोई नही

**प्र02 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1X5=5)**

आज कहाँ से फिर आ पहुँचा
फागुन में सावन !
सुबह उड़ी थी धूल
शाम को घिर आए बादल
बसंती रातों में बरसा किन आँखों का जल
पतझर की नंगी डालों में पुलक उठा यौवन
आज कहाँ से फिर
आ पहुँचा फागुन में सावन!

**i – इन पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है ?**

अ वसंत ऋतु का ब ग्रीष्म ऋतु का

स शरद ऋतु का द हेमंत ऋतु का

**ii – पतझड़ में डाल कैसी नही है ?**

अ पत्तों से ढ़की हुई ब पत्तों से लदी हुई

स पत्तों से आच्छादित द पत्तों से विहीन

**iii – रात में बरसे पानी की तुलना किससे की गई है ?**

अ आँखों के जल ब यौवन

स बारिश द सोना

**iv – बसंती रात में पानी बरसने से कवि के मन में क्या विचार आता है ?**

अ फागुन के महीने में सावन आ गया ब फागुन के महीने में हेमंत आ गया

स फागुन के महीने में वैशाख आ गया द फागुन के महीने में बसंत आ गया

**v – आँख का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?**

अ नेत्र ब नयन

स लोचन द लालिमा

**प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X4= 4)**

**i – 'जहाँ जाना कठिन हो' (वाक्यांश के लिए सही विकल्प पृथक कीजिए)**

अ अगम ब सुगम्य

स दुर्गम द दुर्बोधन

**ii – 'मूल्य' कीमत है तो 'मूल' है –**

अ जड़ ब किनारा

स पेड़ द पक्षी

**iii – 'तरणि–तरणी' शब्द युग्म का अर्थ है–**

अ नाव–स्त्री ब सूर्य–नाव

स स्त्री–सूर्य द नाव–सूर्य

**iv – रूस–अमेरिका सामासिक शब्द में कौन सा समास है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | द्विगु | ब | कर्मधारय |
| स | तत्पुरुष | द | द्वंदव् |

**प्र04 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X4= 4)**

**i – 'गगनचुंबी' सामासिक शब्द में कौन सा समास है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | द्वंद्व | ब | तत्पुरूष |
| स | द्विगु | द | बहुव्रीहि |

**ii – संप्रदान कारक के लिए परसर्ग है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | ने | ब | में |
| स | पर | द | के लिए |

**iii – इनमें से कौन सा वाक्य अपादान कारक नहीं है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | लड़का पेड़ से गिर पड़ा। | ब | वह घर से बाहर आया। |
| स | बिंल्ली छत से कूद पड़ी | द | लड़की जाड़े से काँप रही थी |

**iv – का, के, की परसर्ग से संबंधित कारक है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | कर्ता | ब | करण |
| स | संबंध | द | संबोधन |

**प्र05 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X4= 4)**

**i – चिड़िया उड़ती है । (काल पहचानकर लिखिए)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | वर्तमानकाल | ब | भूतकाल |
| स | भविष्यतकाल | द | इनमें से कोई नही |

**ii – प्रेमचंद हिंदी के <u>सर्वोत्तम</u> कथाकार हैं–( रेखांकित में विशेषण का भेद है)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सार्वनामिक | ब | गुणवाचक |
| स | संख्यावाचाक | द | पारिमाणवाचक |

**iii 'मोर' पंख फैलाकर नाच रहा था।' ( क्रिया पद छाँटकर लिखिए )**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | मोर | ब | पंख |
| स | नाच रहा था | द | कोई नहीं |

**iii – निम्न में से अकर्मक क्रिया नहीं है–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | रोना | ब | सोना |
| ग | हँसना | द | पीना |

**iv – भूतकाल के कितने भेद हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पाँच | ब | चार |
| स | छह | द | तीन |

**प्र06 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X4= 4)**

**i – निम्न में से अव्ययी भाव समास पृथक कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | रातोंरात | ब | नवरात्रि |
| स | रसोईघर | द | राजमाता |

**ii – विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्दों को––––––कहते हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | प्रविशेषण | ब | विशेषण |
| स | अविकारी | द | सर्वनाम |

**iii – वाह, विराट कोहली ने क्या छक्का मारा? (सही विराम चिह्न पहचानिए)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अल्पविराम, प्रश्नवाचक–चिह्न | ब | अल्पविराम, विस्मयादिबोधक–चिह्न |
| ग | अर्धविराम, पूर्णविराम | द | योजक–चिह्न, प्रश्नवाचक–चिह्न |

**iv इनमें से कर्मधारय समास का पृथक कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | आजीवन | ब | नीलगाय |
| स | नवरत्न | द | सिरदर्द |

**प्र07 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1X5= 5)**

आश्रम के लिए बाहर बने कुएँ से पानी खींचने का काम भी वे रोज़ करते थे। एक दिन गांधी कुछ अस्वस्थ थे और चक्की पर आटा पीसने के काम में हिस्सा बँटा चुके थे। उनके एक साथी ने उन्हें थकावट से बचाने के लिए अन्य आश्रमवासियों की सहायता से सभी बड़े –छोटे बरतनों में पानी भर डाला। गांधी को यह बात पसंद नहीं आई। मन में कुछ ठेस भी लगी। उन्होंने बच्चों के नहाने का एक टब उठा लिया और कुएँ से उसमें पानी भरकर टब को सिर पर उठाकर आश्रम में ले आए। बेचारे कार्यकर्ता को बहुत पछतावा हुआ।

**i – अस्वस्थ होने पर भी गांधीजी ने कौन–सा काम किया ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पानी खींचने का | ब | आटा पीसने का |
| स | सब्जी काटने का | द | अ और ब |

**ii आश्रमवासियों ने सभी छोटे–बड़े बरतनों में पानी क्यों भर डाला ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | गांधीजी से मिले आदेश के कारण | ब | गांधी से मिले दंड के कारण |
| स | गांधीजी को थकावट से बचाने के उददेश्य से | द | जल्दी घर आने की चाहत में |

**iii – गांधीजी के मन को ठेस क्यों लगी?**

अ उनके हिस्से का काम किसी और के करने के कारण

ब शरीर स्वस्थ न होने के कारण

स अन्य आश्रमवासियों द्वारा उनका घ्यान न रखने के कारण

द इनमें से कोई नहीं

**iv – गांधी जिस टब में पानी लाए थे वह किस काम आता था ?**

अ पीने का पानी रखने के लिए

ब बर्तन साफ करने के लिए पानी रखने के लिए

स खाना बनाने के लिए पानी रखने के लिए

द बच्चों को नहाने हेतु पानी रखने के लिए पानी

**v – पानी का पर्यायवाची शब्द है ।**

अ सरिता — ब तरंगिणी

स आपगा — द नीर

**प्र08 (क) दिए गए अभिकथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1x2= 2)**

कथन (A) कभी–कभी मैं अपने मित्रों की परीक्षा लेती हूँ।

कारण (R) मुझे बहुत अचरज नहीं हुआ क्योंकि मैं अब इस तरह के उत्तरों की आदी हो चुकी हूँ।

अ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

ब (A) और(R) दोनों सही हैं,तथा (R),(A) की सही व्याख्या है।

स (A) और(R) दोनों सही हैं, परंतु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं है।

द (A) सही है परंतु (R) गलत हैं।

**(क) आदिवासी गीत और नाच-------।**

अ अकेले गाए जाते हैं — ब साथ–साथ और दलों में गाए जाते हैं

स लकड़ियाँ बजाते हुए गाए जाते हैं — द विशेष वाद्य यंत्रों पर गाए जाते हैं

**प्र09 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** **(1x5=5)**

सिंहासन हिल उठे , राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नयी जवानी थी,
गुमी हुई आज़ादी की कीमत सब ने पहचानी थी,
दूर फ़िरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी,
चमक उठी सन् सत्तावन में
वह तलवार पुरानी थी।
बुंदेले हरबोलो के मुँह
हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसीवाली रानी थी।।

**i – कविता की कवयित्री का नाम क्या है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सुभद्रा कुमारी चौहान | ब | महादेवी वर्मा |
| स | केदारनाथ अग्रवाल | द | कपिल अग्रवाल |

**ii – रानी लक्ष्मीबाई की कहानी कवयित्री ने ------ के मुँह से सुनी थी ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | चंदेलों से | ब | बुंदेलों से |
| स | चौहानों से | द | मराठों से |

**iii अंग्रेज किस रूप में भारत आए थे?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | बहुरूपिया | ब | व्यापारी |
| स | गोताखोर | द | सैनिक |

**iv – सन् सत्तावन में लोगों ने मन में क्या निश्चय किया ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अंग्रेजों से संधि करने का | ब | अंग्रेजों के साथ मिलकर व्यापार करने का |
| स | अंग्रेजों को देश से भगाने का | द | इनमें से कोई नहीं |

**v .– 'तलवार' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | कृपाण | ब | खड़ग |
| स | असि | द | सपाट |

**प्र010 दिए गए अभिकथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2= 2)**

**(क)– बच्ची के अनुसार, माँ उसे किसकी कहानी नहीं सुनाती है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | राजा की | ब | परियों की |
| स | रानी की | द | चंदा मामा की |

**(ख)– रानियों और बेगमों के दुख का क्या कारण था ?**

1 उनके सारे अधिकार समाप्त कर दिए गए थे।

2 उनके शौर्य की गाथाएँ गाई जाती थी।

3 कदम–कदम पर उन्हें अपमानित होना पड़ता था।

4 रानियों के गहने ,कपड़े, जेवर कलकत्ते के बाजार में बेचते थे।

**कूट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | 1 और 3 | ब | 1, 2 और 3 |
| स | 3 और 4 | द | 1, 3 और 4 |

**(खण्ड'ब')**

**प्र011 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5= 10)**

**i** राजप्पा और नागराजन के अलबम में आपको किसका अलबम अच्छा लगा और क्यों?

**ii** बसंत के मौसम में लेखिका क्या खोजती है ?('जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ के अनुसार उत्तर लिखिए।)

**iii** लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है ?('संसार पुस्तक है' पाठ के अनुसार उत्तर लिखिए।)

**iv** देहाती क्षेत्रों में कौन–कौन से गीत अधिक लोकप्रिय हैं ?('लोकगीत' पाठ के अनुसार उत्तर लिखिए।)

**v** दलीय गायन का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा बताइए गरबा कहाँ का दलीय गायन है ?

**प्र012 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X4= 8)**

i बड़े होने पर माँ के व्यवहार में क्या परिर्वन आ जाता है ?('मैं सबसे छोटी होऊँ' पाठ के अनुसार उत्तर लिखिए।)

ii कविता के अंत में कवि माँ से चंद्रोदय दिखा देने की बात क्यों कर रहा है ?

iii नगर से निकलते ही सीता की क्या हालत हो गई ?

iv अब और कितनी दूर चलना , पर्णकुटी कहाँ बनाइगा–किसने किससे पूछा और क्यों ?

**प्र013 बाल रामकथा के निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(3X2= 6)**

i राम को जटायु किस हाल में मिला ? उसने उन्हें क्या बताया ?

ii विभीषण ने रावण को हनुमान को मारने से क्यों रोका ?

**प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए–** **(6X1=6)**

i विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

ii करें योग,रहें निरोग

iii राष्ट्रीय ध्वज

**प्र015 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** **(5X1= 5)**

स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

बहन के विवाह पर मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

**प्र016 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए–** **(5X1=5)**

I बसों की कुव्यवस्था से चिंतित दो मित्रों में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

ii परीक्षाएँ समाप्त होने पर मित्र मोहन के साथ घूमने का कार्यक्रम है। टेलीफ़ोन पर हुई बातचीत को संवादात्मक रूप में लिखिए।

*******